# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–3580/2016

हरिदास गुप्ता

–अपीलार्थी

बनाम

1. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर।
2. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा), टोंक।

–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 24.04.2024

उपस्थित –

**अपीलार्थी की ओर से** : श्री राकेश कुमावत, अधिवक्ता

**प्रत्यर्थी विभाग की ओर से** : श्री हेमन्त धारीवाल, राजकीय अधिवक्ता

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य(न्यायिक)
चेतन राम देवड़ा, सदस्य

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने यह कथन किया है कि अपीलार्थी को आदेश दिनांक 10.09.2015 के द्वारा 27 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तृतीय चयनित वेतनमान का लाभ दिनांक 25.03.2014 से प्रदान किया गया। उसके पश्चात आदेश दिनांक 01.08.2016 जारी किया गया और 27 वर्षीय एसीपी के लाभ को संशोधित कर लाभ देय दिनांक 25.03.2014 के स्थान पर 18.08.2015 से लाभ प्रदान किया गया। जिसका कारण यह बताया कि चयनोपरान्त कार्य ग्रहण दिनांक 18.08.1988 को किया गया था। 27 वर्षीय एसीपी के लाभ में संशोधन के पश्चात अपीलार्थी का वेतन निर्धारण पुनः किया गया और यह आदेश पारित किया गया कि जो अधिक भुगतान किया गया है, उसे वसूल किया जाए।
2. अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति की दिनांक 27.03.1987 है। इस प्रकार अपीलार्थी को जो एसीपी का लाभ दिनांक 25.03.2014 से स्वीकृत किया गया था। उसमें अपीलार्थी की कोई गलती नहीं है। अपीलार्थी ने प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष कोई मिथ्या कथन प्रस्तुत नहीं की है। ऐसे में अपीलार्थी से वसूली किया जाना उचित नहीं है। अपीलार्थी ने अपने तर्को के समर्थन में न्यायिक दृष्टांत (1994)2 एस सी सी 521 श्यामबाबू वर्मा एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य प्रस्तुत किया, जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारण किया है कि जहां याची की गलती नहीं रही हो तो ऐसे में याची को उच्च वेतन का लाभ दिया जाता है तो उसकी वसूली नहीं की जा सकती।

